Only for internal circulation

NICT संपर्क
साप्ताहिक समाचार पत्र

कर्नाटक

ಕಿಯಾಸ್ಕ್ ಬ್ಯಾಂಕಿಂಗ್ ಸೇವಾ ಕೇಂದ್ರ ಆರಂಭ

दिनांक 08 सितम्बर 2014 को पुत्तूर तहसील, दक्षिण कन्नाड़ा (जिला) में ''एसबीआई'' के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। जिसका उद्घाटन संबंधित बैंक से शाखा प्रबंधक ने किया। कियोस्क के संचालक श्री बालकृष्ण नायक है। एनआईसीटी से मधुकुमार (बीडीएम) उपस्थित रहे।

दिनांक 12 सितम्बर 2014 शिमोगा (जिला) के ग्राम कोटेगंगुर में ''एसबीआई'' के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ हुआ। इस कियोस्क का उद्घाटन श्री डी. यू. रामकृष्णना (मुख्य प्रबंधक – एसबीआई) व श्रीमती मीनाक्षी (अध्यक्ष–पंचायत) द्वारा किया गया। कियोस्क संचालक श्री राजाप्पा एम है।

दिनांक 12 सितम्बर 2014 को शिमोगा (जिला) के ग्राम अब्बालागिरि में ''एसबीआई'' के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ।

छत्तीसगढ़

एनआईसीटी ने ''छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक'' के साथ कियोस्क खोलने के लिये रायपुर में दिनांक 09 सितम्बर 2014 को अनुबंध किया। जिससे अब सीआरजीबी एनआईसीटी द्वारा आयोजित कियोस्क के माध्यम से लोगों के बैंक खाते खुलवा सकेगा। यह अनुबंध एनआईसीटी के श्री महेन्द्र गुप्ता (तकनीकि संचालक) श्री अविनाश त्रिपाठी (एसपीएम–एनआईसीटी–छ.ग.) व श्री जयंत कुमार पटनायक (महाप्रबंधक–सीआरजीबी) द्वारा किया गया।

गुजरात

दिनांक 09 सितम्बर 2014 को अहमदाबाद में समस्त चेनल पार्टनर की एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ''एसबीआई'' से मुख्य अतिथि उप–महाप्रबंधक व सहायक महाप्रबंधक ने समस्त उपस्थित चेनल पार्टनरों को ''जन–धन योजना'' पर जरूरी मार्गदर्शन दिया। एनआईसीटी से एसपीएम श्री कृणाल शाह उपस्थित रहे।

उत्तरप्रदेश

दिनांक 11 सितम्बर 2014 को जिला ''बल्लाई'' के ''बाहेरी'' तहसील में ''बैंक ऑफ बड़ोदा'' के एसडीपी का शुभारम्भ हुआ। इस एसडीपी का उद्घाटन बाहेरी के शाखा प्रबंधक ने किया। इस एसडीपी के संचालक एम.डी. आसिफ है।

आंध्रप्रदेश

दिनांक 12 सितम्बर 2014 देवाराकोन्दा (तहसील) नालगोन्डा (जिला) में ''बैंक ऑफ बडोदा'' के एसडीपी का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक हुसैन जी उपस्थित रहे व साथ ही इन्होने एसडीपी से संबंधित जरूरी बातों से अवगत कराया। इस एसडीपी के संचालक श्री विजय कुमार है।

मध्य प्रदेश

दिनांक 06 सितम्बर 2014 को एनआईसीटी के संचालन में स्मार्ट स्कूल के लिये एक वर्कशाप द्वारा बच्चों को प्रस्तुती दी गयी।

तेलांगना

दिनांक 10 सितंबर 2014 को नालगोन्डा जिला व नालगोन्डा तहसील में एसडीपी का शुभारम्भ किया गया। इसके संचालक कमशः श्री श्यामसुन्दर व डी सुनिधा जी है।

असम

दिनांक 01 सितम्बर 2014 को ''एसबीआई'' की मुख्य शाखा के महाप्रबंधक के संचालन व अन्य एसबीआई के वरिष्ठ लोगों की उपस्थिति में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एनआईसीटी के अलावा अन्य बीसी उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में प्रधानमंत्री ''जन–धन योजना'' को लेकर जो शिविर आयोजित किये गये थे उनकी सराहना की व आगामी दिनों में किस तरह से इस योजना को और अच्छी तरह से कार्यांवित किया जाये इन बातों पर जोर दिया गया।

पश्चिम बंगाल

दिनांक 10 सितम्बर 2014 को जिला वर्धवान के ग्राम ''जितपुर'' में ''एसबीआई'' के ''ग्राहक सेवा केन्द्र'' का शुभारम्भ किया गया। इस कियोस्क के संचालक श्री शिवु रॉय है।

महाराष्ट्र

दिनांक 15 सितम्बर 2014 को नागपुर (जिला) में समस्त चेनल पार्टनर के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में श्री एस.एम. माटे (एसपीएम–महाराष्ट्र) श्री शेखर वर्मा (टेरेटरी मैनेजर) व इंदौर से श्री रधुनंदन शुक्ला (राष्ट्रीय डोमेन हेड – एसबीआई) उपस्थित रहे।

बढ़ते कदम

उत्तराखंड

सिविल लाइन्स, रूड़की, हरिद्वार (जिला) के एनआईसीटी कियोस्क संचालक श्री प्रिंस कुमार त्यागी ने अब तक ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' के लिये 370 ऑन लाईन खाते खोले है। आपको बधाई।

मध्य प्रदेश

जिला इंदौर के द्वारकापुरी कियोस्क केन्द्र के संचालक श्री मनीष शर्मा ने तारीख 01 से 14 सितम्बर 2014 तक पूरे मध्यप्रदेश में एसबीआई के सबसे ज्यादा 573 बैंक खाते खोले है व प्रधानमंत्री ''जन– धन योजना'' को लेकर काफी लोगों को जागरूक भी किया है। आपको बधाई।

छत्तीसगढ़

जिला बिलासपुर के पेन्ड्रा के सीएसपी श्री विनय कुमार ने दिनांक 01 से 14 सितम्बर 2014 तक पूरे छत्तीसगढ़ में ''एसबीआई'' के सबसे ज्यादा 1356 खाते खोले। विनय कुमार जी को बधाई।

हरियाणा

कुरूक्षेत्र (जिला) के ग्राम वार्ड नं. 13 के ''एसडीपी'' संचालक श्री नरेश कुमार ने ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' के दिनांक 05 सितम्बर 2014 से अब तक 149 खाते खोले व साथ ही आईआरसीटीसी और इंश्योरेन्स के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करके दिखाया है, जो अपने आप में सराहनीय है। आपको बधाई।

दिल्ली

दिल्ली के शांती नगर, ''बुरारी'' में स्थित एनआईसीटी के ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' कियोस्क संचालक श्री सम दत्त कुशवाह ने 2000 बैंक खाते खोले है। कियोस्क संचालक कुशवाह जी को एनआईसीटी की ओर से बधाई।